



एक नजर में



### विधायक ने समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

**छतरपुर,04 फरवरी.** विधायक ललिता यादव ने गुरुवार को अपने निज निवास पर क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना. इस अवसर पर नागरिकों ने सड़क, पेयजल, बिजली तथा अन्य स्थानीय मुद्दों से संबंधित समस्याएँ रखीं. विधायक ललिता यादव ने सभी समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही. उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद ही एक जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और जनसेवा उनके जीवन का सर्वोच्च संकल्प है. उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं नागरिकों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे. इस जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने विधायक के इस पहल की सराहना की और उनके प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया.



### सांसद कप हासिल कर लौटने पर किया टीम का स्वागत

**भैरुंदा.** ग्राम बोरखेड़ा कलां की बालिका क्रिकेट टीम ने रायसेन में आयोजित सांसद कप क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया. विजय प्राप्त कर लौटने पर नगर में विजेता बालिका क्रिकेट टीम का जुलूस निकाला एवं स्वागत किया गया. यह जुलूस पावर मैक कंपनी के जनरल मैनेजर विनोद कुमार के तत्वधान में निकाला गया. इस अवसर पर विनोद कुमार ने कहा कि छोटे से गांव से निकलकर सांसद कप पर पहचान बनाना गर्व की बात है. प्रतिभाओं को सही मंच और अवसर मिले तो वे बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं. इस मौके पर मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, दिनेश कुमार,योगेश पंवार, राहुल रघुवंशी, इमरान खान, संजय सरस्वाल, राम पंवार, रोहित यादव, लक्ष्मीनारायण वैष्णव सहित नागरिक मौजूद थे.



### विधायक राय ने किया सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**श्यामपुर.** गुरुवार को विधायक सुदेश राय ने ग्राम सोठी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया. इस दौरान सरपंच रीना बृजेश अहिरवार एवं पंचों व ग्रामवासियों द्वारा विधायक सुदेश राय का स्वागत कर सामुदायिक भवन की सौगात देने पर आभार माना. विधायक सुदेश राय ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों से चर्चा भी की और शीघ्र ही समाधान करने का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री व सांसद द्वारा ग्राम विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. विधायक निधि के माध्यम से ग्राम पंचायत द्वारा बनाए जाने वाला सामुदायिक भवन सुविधाजनक होगा. सुरक्षित खिड़की दरवाजों के साथ लेट बाथ और बिजली की भी समुचित व्यवस्था रहेगी. जिससे धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम आसानी से होंगे. कार्यक्रम में ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.




### जागरुकता शिविर में दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**भैरुंदा.** सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया. शिविर की थीम जनस्वास्थ्य साक्षरता एवं जनसेवा रखी गई है. इस दौरान स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरुक किया गया. प्राचार्य बबीता कलमौर, राजेश मेवाड़ा, प्राचार्य डॉ. चंद्रलेखा सांखला उपस्थित थे. प्राचार्य डॉ. चंद्रलेखा सांखला ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों को समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं तथा जनस्वास्थ्य और जनसेवा जैसे विषयों पर जागरुकता बढ़ाते हैं.एनएसएस प्रभारी देवांश बैरागी ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की इस मौके पर प्रिया अग्निहोत्री, दिव्यानी छोकर, डॉ. दीप्ति चौरसिया मौजूद थे.

### विश्व कैंसर दिवस पर की 3763 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग

**सीहोर.** विश्व कैंसर दिवस पर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सिविल अस्पतालों और नशा मुक्ति केंद्र पर कॉमन कैंसर जांच शिविर आयोजित किए गए. इन शिविरों में कुल 3763 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई. चिन्हांकित जटिल रोगियों को सर्जरी एवं रेडियोथेरेपी के लिए रेफर किया गया. डेंटल स्पेशलिस्ट डॉ नेहा सिंह ने बताया किस्क्रीनिंग के दौरान कैंसरपूर्व घाव के 10 मरीज पाए गए, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया.

### कलेक्टर इलेवन ने एसपी इलेवन को हराया

**सीहोर.** आवासीय खेलकूद संस्थान में आयोजित जिला स्तरीय आनंद उत्सव का सफल समापन हुआ. कलेक्टर बालागुरू के ने विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलाधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, बच्चों, युवाओं एवं नागरिक प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए. इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों से हमारी मानसिक क्षमता भी बढ़ती हउन्होंने कहा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम सभी सप्ताह में कम से कम एक या दो दिन खेल गतिविधियों में भाग लें.

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, 3 वर्षीय बच्चे की मौत

- बापू डिग्री कॉलेज के पास हुआ हादसा, मां का रो-रोकर बुरा हाल
- शिक्षक पर टक्कर मारने का आरोप



**छतरपुर,05 फरवरी. जिले के नौगांव में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई. यह हादसा दोपहर करीब 12 बजे बापू डिग्री कॉलेज के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें सवार नैतिक कुशवाहा (उम्र 3 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया.**

हादसे के तुरंत बाद परिजन और स्थानीय लोगों ने घायल बच्चे को नौगांव के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया. जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया. बच्चे की मौत से परिवार में शोक की लहर है, वहीं मां का रो-रोकर बुरा हाल है. परिजनों का आरोप है कि ई-रिक्शा को टक्कर मारने वाली कार बापू डिग्री कॉलेज से जुड़े एक शिक्षक की थी. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इलाज के दौरान उन्हें एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल के चक्कर लगाने पड़े, जिससे समय पर समुचित उपचार नहीं मिल सका. घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त नियंत्रण, स्पीड ब्रेकर लगाए जाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

### साइक्लोथॉन में डॉ. शर्मा लेंगे हिस्सा



**सीहोर.** बैंगलोर में होने वाली साइक्लोथॉन प्रतियोगिता में एक बार फिर शहर के डॉ. अनिल शर्मा के सुपुत्र दंत चिकित्सक डॉ.अभिषेक शर्मा आगामी 8 फरवरी को सीहोर सांसद का प्रतिनिधित्व करेंगे. प्रतियोगिता 32 किमी की माउंटेन बाइक रेस है. यह प्रतियोगिता एचसीएल सॉफ्टवेयर कंपनी द्वारा आयोजित की जा रही है. डॉ. अभिषेक शर्मा प्रतियोगिता में चयन होने पर जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन ने शुभकामनाएं प्रेषित की हगौरतलब है कि पूर्व में भी डॉ. अभिषेक शर्मा ने चेन्नई में आयोजित साइक्लोथॉन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर शहर और जिले का नाम रोशन किया है. उन्होंने मात्र 24 मिनट 5 सेकंड में 25 किमी की दूरी पूरी कर सभी को चौंका दिया था.

## उबलती कढ़ाई में गिरा मासूम बचाने गई मां भी झुलस गई



- घर आंगन में खाना बनाते समय हादसा, हालत गंभीर

**छतरपुर,05 फरवरी. जिले में एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है, जहां उबलती सब्जी से भरी कढ़ाई में गिरने से तीन वर्षीय मासूम गंभीर रूप से झुलस गया.**

बच्चे को बचाने के प्रयास में उसकी मां भी झुलस गई. यह घटना उस समय हुई, जब घर के आंगन में खाना बनाया जा रहा था और मासूम पास ही खेल रहा था. प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेलते-खेलते अचानक बच्चे का संतुलन बिगड़ गया और वह उबलती सब्जी से भरी कढ़ाई में जा गिरा. बच्चे की चीख-पुकार सुनकर मां तुरंत दौड़ी और उसे कढ़ाई से बाहर निकाला, लेकिन इस दौरान उसका हाथ बुरी तरह झुलस गया. हादसे के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई. परिजन तत्काल मां और बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बर्न वार्ड में भर्ती कर लिया. चिकित्सकों के अनुसार बच्चे को कमर के नीचे गंभीर जलने के घाव हैं उसकी हालत नाजुक बनी हुई है, जबकि मां की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है. घटना के बाद परिवार सहित पूरे गांव में चिंता और दुख का माहौल है. चिकित्सक बच्चे के इलाज पर लगातार नजर बनाए हुए हैं.

## अवैध वसूली का विरोध पड़ा भारी, युवक पर जानलेवा हमला

**हॉकी से पीटा आंख में गंभीर चोट; दो आरोपियों पर केस दर्ज**



**छतरपुर,05 फरवरी. शहर में कथित अवैध वसूली का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया. सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड पर दो आरोपियों ने एक युवक को रोककर पहले धमकाया और बाद में उस पर हमला कर दिया.**

हमले में युवक की आंख में गंभीर चोट आई है, जिसका इलाज जिला अस्पताल में जारी है. परिवार द्वारा मिली जानकारी के अनुसार तुलसी नगर कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय युवक रात के समय अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान रास्ते में दो युवकों ने उसे रोक लिया और पैसे की मांग की. युवक द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने कट्टा दिखाकर डराने की कोशिश की. जब वह नहीं माना तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और हॉकी से कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर घायल को अस्पताल पहुंचाया. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित की शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी.

## न्यूनतम तापमान 8 .2 डिग्री दर्ज, सुबह खिली धूप

### आने वाले दिनों में बदलेगा मौसम, 7-8 फरवरी को बारिश के आसार

**छतरपुर,05 फरवरी. जिले में गुरुवार सुबह ठंड का असर कुछ कम महसूस किया गया. सुबह 8:30 बजे न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.**

हालांकि यह तापमान बुधवार के न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस की तुलना में कम रहा, लेकिन सुबह से आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने के कारण लोगों को ठंड से राहत मिली. मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि गुरुवार को अधिकतम तापमान 23 से 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है. सुबह के समय तापमान लगभग 16 डिग्री सेल्सियस रहा. इस दौरान शहर में आर्द्रता करीब 91 प्रतिशत दर्ज की गई, वहीं दृश्यता 100 से 200 मीटर के बीच रही.



मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल आसमान साफ रहने से दिन के तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि देखने को मिलेगी और ठंड का प्रभाव कम होगा. हालांकि, 7 और 8 फरवरी को मौसम में एक बार फिर बदलाव के आसार हैं. बंगाल की खाड़ी में बन रहे कम दबाव के क्षेत्र के कारण उत्तर भारत की ओर बादलों की आवाजाही बढ़ सकती है, जिससे छतरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग ने लोगों को सुबह-शाम हल्की ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है. आने वाले दिनों में मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच ठंड से धीरे-धीरे राहत मिलने के संकेत मिल रहे हैं.

## क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तुरंत करें मरम्मत

- जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक में बोले कलेक्टर
- अंतिम नल कनेक्शन तक सुनिश्चित करें पेयजल आपूर्ति

नवभारत न्यूज




**सीहोर 5 फरवरी.** कलेक्टर बालागुरू के ने जिला जल स्वच्छता मिशन समिति की बैठक के दौरान जिले में संचालित पेयजल योजनाओं की जनपदवार एवं योजनावार समीक्षा की.

उन्होंने अधिकारियों को प्रगतिरत योजनाओं की गति तेज करने तथा समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. वहीं सीईओ सर्जना यादव ने भी पेयजल योजनाओं क संचालन के सबंध में निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिन पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनके ड्रायरन के दौरान मैदानी अमले की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए. योजना के हस्तांतरण से पूर्व संबंधित अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता का परीक्षण गंभीरता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल की आपूर्ति अंतिम नल कनेक्शन तक सुनिश्चित होनी चाहिए. साथ ही पाइपलाइन को क्षति पहुंचाने वाले विभागों अथवा व्यक्तियों से तत्काल मरम्मत कराई जाए. कलेक्टर ने टंकियों एवं बॉल की नियमित सफाई कराने पर जोर दिया. नल कनेक्शन धारियों से जलकर की नियमित वसूली की जाए. उन्होंने एसडीओ एवं उपयंत्रियों को नियमित रूप से फील्ड भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने तथा सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए.

## मिश्रा को नपा करेगी नगर रत्न से सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 फरवरी.** आगामी 7 फरवरी को नपा द्वारा शहर की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा. नगर गौरव सम्मान समारोह में कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा को नपा द्वारा नगर रत्न से सम्मानित किया जाएगा.

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया साहित्य, खेल, समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विज्ञान, आईएएस, आईपीएस, स्वच्छता, धर्म आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सीहोर गौरव सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए सभी का मिलकर प्रयास करना जरूरी है. कार्यक्रम को लेकर नपा ने तैयारियां शुरू कर दी है. इसके अलावा 100 से अधिक प्रतिभाओं के सम्मान कार्यक्रम के साथ लकी ड्रा में तीन महिला और पुरुष को इनाम दिया जाएगा. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि हमारे नगर में अनेक समाज और संगठन ऐसे हैं. जो पर्यावरण और स्वच्छता के कार्य में लगे रहते है, प्रतिभाओं का सम्मान नगर की प्रगति का आधार है. उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजन ऐसे कार्य करने वालों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं. सामाजिक समरसता को एक समृद्ध और स्वच्छता के लिए आवश्यक बताते हुए सभी वर्गों से नगर के विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया.

समारोह के लिए सेलिब्रिटी, संत और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा. इसके अलावा नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि सोशल मीडिया सहित अन्य के माध्यम से क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को आमंत्रित कर से मंच से प्रतिभा सम्मान किया जाएगा.

## प्याज, लहसुन उत्पादक किसानों से की चर्चा

**सीहोर, 5 फरवरी.** संभागायुक्त संजीव सिंह ने ग्राम मोगराराम में प्याज एवं लहसुन उत्पादक किसानों से संवाद कर उत्पादन क्षमता तथा विपणन व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली. किसानों से प्याज एवं लहसुन के वैज्ञानिक भंडारण, फसल का रकबा बढ़ाने की संभावनाओं, कम पानी में अधिक उत्पादन लेने की तकनीकों तथा मिनी स्प्रिंकलर पद्धति से सिंचाई के लाभों पर चर्चा की. उन्होंने किसानों को आधुनिक खेती पद्धतियां अपनाने, लागत कम करने और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विभागीय मार्गदर्शन लेने की बात कही. निरीक्षण के दौरान सीईओ सर्जना यादव, उद्यानिकी विभाग के जिला अधिकारी जगदीश मुजाल्दा आदि उपस्थित थे.

**लोकार्पण** — राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने नापलाखेड़ी व धामंदा में किया उप स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बना रही सरकार : वर्मा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 फरवरी.** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने ग्राम नापलाखेड़ी में 56.09 लाख रुपए की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र और ग्राम धामंदा में 65 लाख रुपए लागत से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया. नापलाखेड़ी में लोकार्पण अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा भी उपस्थित थे.



इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है. ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, जिससे आमजनों को उपचार के लिए परेशान न होना पड़े. नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रारंभ होने से क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक उपचार, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण तथा विभिन्न जांच एवं परामर्श सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त हो सकेंगी. आयुष्मान भारत योजना से पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है. राज्य सरकार का लक्ष्य केवल उपचार उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि लोगों को बीमारियों से बचाव के प्रति भी जागरूक करना है. नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार, पेयजल तथा साफ- सफाई को अपनाते हुए बीमारियों से बचा जा सकता है. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर स्वास्थ्य अधोसंरचना का विस्तार कर रही है.नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, पुराने भवनों का उन्नयन, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की जा रही है. कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गई. इस दौरान जगदीश पटेल, शंकर पटेल, सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया आदि उपस्थित थे.

## दलहन के लिए राष्ट्रीय मंथन गौरव की बात

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 फरवरी. दलहन मिशन राष्ट्रीय मंथन के लिए जिले को चुने जाने पर मप्र में सीहोर जिला कृषि प्रधान जिला है. हमारे किसान उन्नत खेती करते हैं. अनेक प्रगतिशील किसानों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार भी मिले हैं. दलहन उत्पादन में विधानसभा क्षेत्र के किसान भी अग्रणी हैं. यही कारण है कि केंद्र सरकार ने दलहन आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय मिशन को लेकर राष्ट्रीय मंथन के लिए जिले के अमलाहा अनुसंधान केंद्र को चुना है.**

विधायक सुदेश राय ने कहा कि राज्य में सीहोर विशेषकर मूंग और अन्य दालों के रकबे और उत्पादन में अग्रणी जिलों में से एक है दलहन उत्पादन में प्रमुख रूप से चौथे स्थान पर रहा है. इसके अतिरिक्त, मूंग उत्पादकता में भी हम उच्च स्थान रखते हैं. अमलाहा अनुसंधान केंद्र में 7 फरवरी हो रही बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मु यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित अन्य राज्यों से सीहोर पहुंच रहे कृषि मंत्रियों वरिष्ठ वैज्ञानिकों कृषि विशेषज्ञों किसानों का स्वागत करेंगे.विधायक सुदेश राय ने कहा कि कार्यक्रम में प्रशासनिक भवन, किसान प्रशिक्षण केंद्र और उन्नत प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया जाएगा और खेतों में नई किस्मों और तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा. तुअर, उड़द और मसूर जैसी प्रमुख दलहनी फसलों पर बीज, उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, विपणन और एमएसपी पर समयबद्ध खरीद जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी.